भारतीय कपास निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

कपास भवन, 136-ए, कमला नेहरू कॉलोनी, भटिंडा(पंजाब)

दूरभाष: 0164-22103171,72,74 फैक्स-2210373

ई-मेल: bathinda@cotcorp.com, वैबसाइट: www.cotcorp.org.in,

GST No. 03AAACT4053B1Z2 CINNo.U51490MH1970GOI014733

सूचना का अधिकार

दिनाक : 13.07.2021

टैक्सी किराए पर लेने के लिए निविदा सूचना

भारतीय कपास निगम लिमिटेड, शाखा कार्यालय-बठिंडा, बठिंडा के प्रतिष्ठित ट्रैवल एजेंसियों से वाहनों के बठिंडा लोकल एवं बठिंडा के बाहर कार्य हेतु किराए पर टॅक्सी लेने के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करता है।

इच्छुक पंजीकृत ट्रेवल्स एजेंसीया जो बठिंडा शहर में स्थित हैं, द्वारा उपरोक्त पते पर दिनांक 29.07.2021 को दोपहर 3.00 बजे तक मुहरबंद निविदा निर्धारित प्रोफोर्मा में भरकर 5,000/- रुपये (पांच हजार रुपये) की ईएमडी के साथ डीडी /पे ऑर्डर के माध्यम से जोकि "द कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पर देय हो" के पक्ष में बंद लिफाफे में टेंडर बॉक्स में डाले जाएँ | प्राप्त निविदायें उसी दिन दोपहर 3.30 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जायेगी | निविदा फॉर्म 112/- (एक सौ बारह रुपये मात्र के भुगतान पर) एवं पूर्ण शर्तें निगम के कार्यलय से किसी भी कार्य दिवस पर कार्यलय समय के दौरान प्राप्त किये जा सकते है तथा निविदा फॉर्म , नियम एवं शर्तें की पूर्ण जानकारी हमारे वेबसाइट www.cotcorp.org.in एवं गवर्नमेंट वेबसाइट www.tender.gov.in पर भी उपलब्ध है |
MSE/MSME फर्मों को वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर निविदा शुल्क एवं ईएमडी से छूट दी गई है

निविदा आंशिक व पूर्ण रूप से स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार निगम अपने पास सुरक्षित रखता है |

सहायक महा प्रबंधक

टैक्सी निविदा की शर्तें

1. निविदा प्रस्ताव सिर्फ निर्धारित फार्म में ही भरा जायें।
2. केवल भटिंडा स्थित टैक्सी एवं ट्रैवल एजेन्सीस से ही निविदा आमंत्रित की जाएगी।
3. निविदा Two-Bid प्रक्रिया से खोली जाएगी। निविदाकर्ता द्वारा 1) Technical Bid-I 2) Financial Bid-II ,दो अलग अलग फॉर्म एक सील बंद निविदा फार्म में पूर्णतया भरकर, जिस पर "टैक्सी किराए पर लेने के लिए

निविदा" लिखा हो, दिनांक 29.07.2021को दोपहर 3.00 बजे तक कार्यालय में लगे हुए टेण्डर बॉक्स में डालें। निर्धारित समयावधि तक प्राप्त सभी निविदा आवेदन को उसी दिन दोपहर 3.30 बजे समिति द्वारा उपस्थित पार्टियों के समक्ष खोला जायेगा। Technical Bid-I की सभी बिन्दु एवं दस्तावेज़ पूर्ण होने के उपरांत ही Financial Bid-II खोली जाएगी।

4. निविदा के लिए ईएमडी रु: 5000/- (रुपये पाँच हजार केवल) का ड्राफ्ट जो कि दि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ,बठिंडा के नाम पर देय हो संलग्न करना जरूरी है अथवा शाखा भटिंडा को ईएमडी का निविदा खुलने से पहले e-payment करें ,अन्यथा निविदा को रद्द किया जा सकता है | ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। MSE/MSME फर्मों को वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर निविदा शुल्क एवं ईएमडी से छूट दी जाएगी ।
5. टैक्सी का बिल हमें टैक्सी के उपयोग के 10 दिन के अंदर मिल जाना चाहिये। आपके बिल का भुगतान बिल की प्राप्ति के 10 दिनों में आयकर अधिनियमों के अनुसार टी.डी.एस. की कटौती (यदि कोई हो तो) करके किया जायेगा बशर्ते की बिल सही हो।
6. टैक्सी दरें सभी प्रकार के टैक्स रहित (Excluding GST) होना चाहिये।
7. टैक्सी की मांग करने पर आपको उसकी समय पर व्यवस्था करनी होगी, ऐसा न करने पर हम अन्य पार्टी से टैक्सी मंगवायेंगे और यदि हमें आपकी स्वीकृत दर से अधिक भुगतान करना पड़ा तो आपकी जमा राशि/बिलों में से उसकी कटौती की जायेगी तथा निगम को इस कारण होने वाली हानि आपसे वसूल की जायेगी।

Name & Signature of Tenderer with seal

8. टैक्सी का मॉडल 2017 से पुराना नहीं होना चाहिये अर्थात गाड़ी की आयु 4 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। उपलब्ध करवाई जाने वाली टैक्सी अच्छी कंडीशन में एवं सभी प्रकार के इंश्योरेंस सहित होनी चाहिये। टैक्सी रास्ते में ब्रेक डाउन होने की स्थिति में एवं टैक्सी छोड़ने की स्थिति में कोई भुगतान देय नहीं होगा।
9. निविदा फार्म में पार्टी द्वारा दी गई अन्य किसी भी प्रकार की शर्त अथवा टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होगी
10. ड्राईवर को खाने इत्यादि की व्यवस्था स्वंम ही करनी होगी इसके लिए निगम जिम्मेदार नहीं होगा।
11. बिल के साथ संलग्न ड्रायवर स्लिप में यात्रा आरंभ करने के किलोमीटर/दिनांक तथा यात्रा समाप्ति के किलोमीटर/दिनांक सहित निगम के अधिकारी/अतिथि अथवा टैक्सी उपयोग करने वाले के हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिये। बिल में यात्रा आरंभ एवं समाप्ति तक के किलोमीटर मान्य होंगे।
12. टैक्सी प्रवास के दौरान टोल-टैक्स, पार्किंग इत्यादि खर्च का भुगतान आपको करना होगा जिसकी बाद में बिल के साथ रसीद प्रस्तुत करने पर निगम द्वारा भुगतान किया जायेगा। इसके उपरान्त अन्य कोई भी टैक्स नहीं दिया जायेगा। फास्ट टैग से किया गया भुगतान की स्टेटमेंट बिल के साथ संलग्न करनी होगी |
13. निविदा स्वीकृति दरें कार्य आदेश दिनांक से 01.08.2021 से 31.07.2022 तक की अवधि के लिये है परन्तु विशेष परिस्थितियों में इसे दोनों पार्टियों की आपसी सहमति से एक साल के लिये बढ़ाया जा सकता है।
14. कांट्रेक्ट अवधि के दौरान पेट्रोल/डीजल के भाव में बदलाव के कारण टैक्सी दरों में कोई बदलाव नहीं होगा।

15. पार्टी को निगम की मांग अनुसार एक ही समय पर एक से अधिक गाड़ियॉं भी तय की गई दरों पर उपलब्ध करानी होगी।
16. इनमें दी गई किसी भी शर्त का पार्टी द्वारा उल्लंघन करने पर निगम को यह अधिकार होगा कि वह तीन दिन का लिखित नोटिस देकर इस कांट्रेक्ट को समाप्त कर दे नियमों के उल्लंघन के कारण यदि निगम को कोई हानि होती है तो वह राशि भी आपसे वसूल की जायेगी।

Name & Signature of Tenderer with seal

17. जिनका प्रस्ताव स्वीकार किया जायेगा उन पार्टियों को निगम के निर्णय से अवगत कराया जायेगा।
18. यदि दो या दो से अधिक पार्टियों की दर समान पाई जाती है तो उन्हीं पार्टियों से पुन: बंद लिफाफे में निश्चित समयावधि में भाव आमंत्रित किये जायेंगे जिसमें न्यूनतम दर देने वाली पार्टी को कार्य आदेश दिया जायेगा। यदि पुन: मांगे गये भाव भी समान पाये जाते हैं तो उस स्थिति में निगम द्वारा पार्टी की विश्वसनीयता एवं सेवा को देखते हुए निर्णय लिया जायेगा।
19. निगम के कार्य के दौरान कोई दुर्घटना/जनहानि होती है उसके लिये निगम की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं रहेगी। बीमा/कानूनी दावा आदि से संबंधित सभी जिम्मेदारी टैक्सी कांट्रेक्टर की होगी।
20. टैक्सी चालक (ड्राईवर) के पास गाड़ी का लाइसेंस होना अनिवार्य है तथा साथ ही गाड़ी के सभी दस्तावेज जैसे R.C., बीमा, प्रदुषण के सभी जरुरी दस्तावेज की समस्त जिम्मेवारी पार्टी को होगी | इससे सम्बंधित निगम की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी |
21. निगम किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार (सभी कांट्रेक्ट अस्वीकार) करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है | निविदा/बोली अस्वीकृत होने की स्थिति में निविदाकर्ता शाखा कार्यालय, भटिंडा से अस्वीकृति के कारणों की मांग कर सकता है
22. किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर बठिंडा म्युनिसिपल कार्पोरेशन के क्षेत्राधिकार न्यायालय में ही विवाद कारण उठाया जायेगा।

मैंने उपरोक्त शर्ते पढ़ी हैं तथा मुझे मंजूर हैं।

Full Name & Signature of Tenderer with seal

TECHNICAL BID (PART -I)

1	Whether the travel/taxi Agency has office in Bathinda. (If yes, please furnish the following details	Tick One: YES/NO
2	Name of the Firm	
3	Full Postal Address With Telephone No. / Mobile No.	
4	Name of the Proprietor/ Partners/ Directors.	
5	PAN No. **(Xerox copy of Self Attested PAN card to be enclosed)**	
6	GST No. (If applicable, Xerox copy of Self Attested GST No. to be enclosed)	
7	Whether Firm is under MSEs Category (Copy of valid MSEs Certificate should be enclosed)	Tick One: YES/NO
8	Tender Fee Details (Rs.112/-)	Instrument No.(DD/P.O) /UTR No. /Unique No. / Transaction Number::_____ Name of Bank:_____ Amount:_____
9	Earnest Money Deposit (EMD) Details of (Rs. 5,000/-)	Instrument No.(DD/P.O) /UTR No. /Unique No. / Transaction Number::_____ Name of Bank:_____ Amount:_____

Seal, Signature & Full Name of Tenderer: _____

FINANCIAL BID (PART –II)

1. Name of the Tenderer : _____

A) Rates for Local and outstation

S. No.	Type of Vehicles	Up to 250 कि.मी.		Above 250 KM(Single Rate)	Night halt charges	Driver Batta
		Daily Rates	Charge per KM	Charge per KM Only (No Daily Rates Allowed)		
1.	Swift /Desire/ Etios and similar					
2.	Ertiga/ Tavera and similar					
3.	Innova and similar					
4.	Innova Crysta					

B) Specific Rates for Airport Pick Up & Drop

S. No.	Type of Vehicles	Delhi Airport Pick Up OR Drop	Chandigarh Airport Pick Up OR Drop	Amritsar Airport Pick Up OR Drop
1.	Swift /Desire/ Etios and similar			
2.	Ertiga/ Tavera and similar			
3.	Innova and similar			
4.	Innova Crysta			

Note: Rates inclusive of all Taxes and other expenses including Toll, GST, Parking etc.

Seal, Signature & Full Name of Tenderer: _____